अध्याय
03


# लोकतंत्र और विविधता

## सीखने का प्रतिफल:-

इस अध्याय में हमें किस तरह समाज के बीच सामंजस्य स्थापित कर लोकतंत्र सर्वमान्य समाधान करने की कोशिश करता है। समाज के बीच अंतर विविधता एवं असमानता होते हुए भी साथ लेकर चलने का प्रयास करता है।

लोकतंत्र का मुख्य आधार स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व है। सामाजिक भेदभाव की उत्पत्ति उस समय होती है जब लोग खुद को विशिष्ट और अन्य लोगों को हीन भावना से देखने लगता है। ऐसी स्थिति में इसके बीच तालमेल बिठाना बहुत मुश्किल हो जाता है।

लोकतंत्र सामाजिक विविधता को समायोजित करता है या सभी को उसकी जाति, पंथ, रंग, नस्ल, धर्म भाषा या निवास स्थान में अंतर होने के बावजूद भी निष्पक्ष प्रतिनिधित्व की अनुमति देता है।




© JCERT not to be republished

## सामाजिक विभाजन की राजनीति।

लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की बहुलता होती है।

भेदभाव का आधार क्षेत्र, जाति एवं समुदाय होता है।

राजनीति, धर्म को सत्ता पाने का आधार बना लेती है।

सरकार द्वारा जब किसी समुदाय के सही मांगों को नहीं माना जाता है तो इससे सामाजिक विभाजन होता है । जो देश की अखंडता के लिए खतरा होता है ।

राजनीतिक दल सत्ता हासिल करने के लिए समाज में भेदभाव उत्पन्न करता है।

राजनीति हिंसा,जाति कटुता और समाज के बीच तनाव का माहौल पैदा करता है।


सरकार जब किसी समुदाय विशेष को भावनाओं से देखता है तो समाज में विभाजन पैदा होता है।

धर्म क्षेत्र के आधार पर देश का विभाजन देश और देश की जनता दोनों के लिए नुकसानदायक होता है।


राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता समाज में विभाजन का कारण है।

© JCERT not to be republished

- अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन का विकास
- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका में नस्ली भेदभाव ज्यादा था।
- अश्वेत लोगों के साथ अनेक प्रकार के भेदभाव किए गए।
- अमेरिका में 1950 के दशक में नागरिक अधिकारों के लिए शक्तिशाली आंदोलन चलाए गए।
- मार्टिन लूथर किंग जूनियर नस्ली भेदभाव के खिलाफ थे।
- 1960 के लगभग नस्ली भेदभाव के खिलाफ कानून बनाकर इसे समाप्त कर दिया गया।




**नोट-** सामाजिक विविधता- किसी भी समाज में विविधता तब होती है जब उस समाज में विभिन्न आर्थिक तबके, धार्मिक समुदाय, विभिन्न भाषाई समूह एवं विभिन्न जातियों और संस्कृतियों के लोग रहते हैं।




© JCERT not to be republished

## प्रश्न उत्तर

**प्रश्न 1: सामाजिक विभाजन की राजनीति के परिणाम तय करने वाले तीन कारकों की चर्चा कीजिए?**

**उत्तर:** सामाजिक विभाजन की राजनीति का परिणाम तीन बातों पर निर्भर करता है। प्रथम लोगों में अपनी पहचान के प्रति आग्रह की भावना। अगर लोग खुद को सबसे विशिष्ट और अलग मानने लगते हैं तथा अन्य समुदाय के लोगों को हीन की भावना से देखता है तो समाज के बीच विभाजन दिखाई पड़ने लगता है। इससे देश के अंदर राष्ट्रीय पहचान पर खतरा उत्पन्न हो जाता है।

दूसरा किसी समुदाय की मांग को राजनीतिक दल किस आधार पर उठाती है। जब राजनीतिक दल जाति विशेष को सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए अन्य वर्गों को उपेक्षित करता है, तो यह समाज के बीच खाई का काम करता है ।जो राष्ट्रीय पहचान के लिए खतरा साबित होता है।

धार्मिक समुदाय के प्रति सरकार का रुख सरकार द्वारा धर्म विशेष समुदाय या क्षेत्र विशेष को लाभ पहुंचाने का कार्य की जाती है तो ऐसी स्थिति में एक समुदाय का दूसरे समुदाय के बीच तथा एक क्षेत्र का दूसरे क्षेत्रों के बीच सामंजस्य स्थापित होना मुश्किल हो जाता है। ऐसी स्थिति में राष्ट्र की एकता और अखंडता पर सवाल उठने लगता है। और देश मे राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न हो जाती है।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

1. आयरलैंड में कब शांति व्यवस्था स्थापित हुई थी?

   a. 1948    b. 1956

   c. 1998    d. 2005

2. निम्न में किस देश को धार्मिक और जाति पहचान के आधार पर विखंडन का सामना करना पड़ा?

   a. बेल्जियम    b. भारत

   c. नीदरलैंड    d युगोस्लाविया

3. मार्टिन लूथर किंग जूनियर किस देश के राष्ट्रपति थे?

   a. बेल्जियम    b. अमेरिका

   c. भारत    d. सोवियत संघ

© JCERT not to be republished

## निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. सामाजिक विभाजन तब होता है जब समाज में भेदभाव अधिक होता है।
2. यह संभव है कि एक व्यक्ति की कई पहचान हो सकती है ।
3. भारत जैसे बड़े देशों में सामाजिक विभाजन मौजूद हैं।

कौन सा कथन सही है?

a. 1 2 3 b. 1 2

c. 2 3 d. केवल 3

5. निम्न कथन को व्यवस्थित करें और नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए?

i. सामाजिक विभाजन की सभी राजनीतिक अभिव्यक्ति हमेशा खतरनाक हो जरूरी नहीं है।

ii. हर देश में किसी न किसी प्रकार से सामाजिक विभाजन मौजूद रहती है।

iii. पार्टियों सामाजिक विभाजन की अपील करके राजनीतिक समर्थन जीतने की कोशिश करता है।

iv. कुछ सामाजिक विभाजन के परिणाम स्वरूप समाज विभाजित हो सकता है।

a. 4 2 3 1 b. 4 2 1 3

c. 4 1 3 2 d. 1 2 3 4

## लघु उत्तरीय प्रश्न

1. टॉमी स्मिथ और जॉन कारलेस ने मेक्सिको ओलंपिक में अश्वेत के साथ होने वाले भेदभाव को किस प्रकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया?
2. किसी समुदाय की मांग को राजनीतिक दल किस प्रकार उठाती है?
3. सामाजिक विविधता क्या है?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. सामाजिक विभाजन किस प्रकार राजनीति को प्रभावित करती है?
2. लोकतंत्र किस प्रकार सामाजिक विविधता के बीच संबंध स्थापित करता है?

© JCERT not to be republished